**कार्यालय अध्यक्ष/कलेक्टर, स्वामी आत्मानन्द**
**शासकीय उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समिति,**
**जिला बलरामपुर-रामानुजगंज, छत्तीसगढ़**

क्रमांक/स्था0–2/SAGES/संविदा भर्ती/5716/2021–22/ बलरामपुर दिनांक 06/09/2021

# -:: प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती विज्ञापन ::-

छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर का पत्र क्रमांक एफ 23–08/2020/20–तीन, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 30.06.2021 के तहत् सृजन पदों तथा पूर्व सृजित रिक्त पदों पर **स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर, रामानुजगंज, वाड्रफनगर एवं कुसमी** हेतु शिक्षकीय पदों की पूर्ति के लिए निम्नानुसार प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती हेतु पात्र इच्छुक अभ्यर्थियों से **दिनांक 15.09.2021 दिन–बुधवार तक कार्यालयीन समय सायं 05.30 तक ऑनलाईन आवेदन वेबसाईट www.deobalrampur.in पर आमंत्रित किये जाते है।** निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएगें।

## -:: विद्यालयवार विज्ञापित पदों का विवरण ::-

➤ **स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) उच्च.माध्य.विद्यालय रामानुजगंज।**

| क्र. | पद का नाम | विषय | पदों की संख्या | | | | | | | | एकमुश्त मासिक वेतन (रू.में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | हिन्दी माध्यम | | | | अंग्रेजी माध्यम | | | | |
| | | | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (मुक्त) | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (मुक्त) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | व्याख्याता | हिन्दी | – | – | – | – | – | – | – | 01 | 38100 |
| 2 | | अंग्रेजी | – | – | – | – | – | – | – | 01 | |
| 3 | | गणित | 01 | – | – | – | 01 | – | – | – | |
| 4 | | जीवविज्ञान | 01 | – | – | – | – | – | – | – | |
| 5 | | रसायन | – | – | – | – | 01 | – | – | – | |
| 6 | | भौतिक | – | – | – | – | 01 | – | – | – | |
| 7 | | वाणिज्य | – | – | – | – | – | – | – | 01 | |
| 8 | प्रधान पाठक | पूर्व माध्यमिक | – | – | – | – | 01 | – | – | – | 38100 |
| 9 | प्रधान पाठक | प्राथमिक | – | – | – | – | 01 | – | – | – | 35400 |
| 10 | शिक्षक | हिन्दी | – | – | – | – | 01 | – | – | – | 35400 |
| 11 | | संस्कृत | – | – | – | – | 01 | – | – | – | |
| 12 | | अंग्रेजी | – | – | – | – | 01 | – | – | – | |
| 13 | सहायक शिक्षक | विज्ञान समूह | – | – | – | – | | – | – | 01 | 25300 |
| 14 | सहायक ग्रेड–02 | | – | – | – | – | 01 | – | – | – | 25300 |
| | कुल योग – 15 पद | | 02 | – | – | – | 09 | – | – | 04 | |



स्कूल आ पढ़े बर, जिनगी ला गढ़े बर................ बढ़ते कदम शिक्षा की ओर ..............

Scanned with CamScanner

## ➢ स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) उच्च.माध्य.विद्यालय बलरामपुर।

| क्र. | पद का नाम | विषय | पदों की संख्या | | | | | | | | एकमुश्त मासिक वेतन (रू.में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | हिन्दी माध्यम | | | | अंग्रेजी माध्यम | | | | |
| | | | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (मुक्त) | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (मुक्त) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | व्याख्याता | हिन्दी | — | — | — | — | — | — | — | 01 | |
| 2 | | अंग्रेजी | — | — | — | — | — | — | — | 01 | |
| 3 | | गणित | 01 | — | — | — | — | — | — | — | 38100 |
| 4 | | जीवविज्ञान | 01 | — | — | — | — | — | — | — | |
| 5 | | वाणिज्य | — | — | — | — | — | — | — | 01 | |
| 6 | प्रधान पाठक | पूर्व माध्यमिक | — | — | — | — | 01 | — | — | — | 38100 |
| 7 | प्रधान पाठक | प्राथमिक | — | — | — | — | 01 | — | — | — | 35400 |
| 8 | शिक्षक | हिन्दी | — | — | — | — | 01 | — | — | — | |
| 9 | | संस्कृत | — | — | — | — | 01 | — | — | — | 35400 |
| 10 | सहायक ग्रेड–02 | | — | — | — | — | 01 | — | — | — | 25300 |
| | कुल योग –10 पद | | 02 | — | — | — | 05 | — | — | 03 | |

## ➢ स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) उच्च.माध्य.विद्यालय वाड्रफनगर।

| क्र. | पद का नाम | विषय | पदों की संख्या | | | | | | | | एकमुश्त मासिक वेतन (रू.में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | हिन्दी माध्यम | | | | अंग्रेजी माध्यम | | | | |
| | | | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (मुक्त) | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (मुक्त) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | व्याख्याता | हिन्दी | — | — | — | — | — | — | — | 01 | |
| 2 | | अंग्रेजी | — | — | — | — | — | — | — | 01 | |
| 3 | | गणित | 01 | — | — | — | — | — | — | — | 38100 |
| 4 | | जीवविज्ञान | 01 | — | — | — | — | — | — | — | |
| 5 | | भौतिक | — | — | — | — | 01 | — | — | — | |
| 6 | | वाणिज्य | — | — | — | — | 01 | — | — | 01 | |
| 7 | प्रधान पाठक | पूर्व माध्यमिक | — | — | — | — | 01 | — | — | — | 38100 |
| 8 | प्रधान पाठक | प्राथमिक | — | — | — | — | 01 | — | — | — | 35400 |
| 9 | शिक्षक | हिन्दी | — | — | — | — | 01 | — | — | — | |
| 10 | | संस्कृत | — | — | — | — | 01 | — | — | — | 35400 |
| 11 | | अंग्रेजी | — | — | — | — | 01 | — | — | — | |
| 12 | | विज्ञान | — | — | — | — | 01 | — | — | — | |
| 13 | सहायक शिक्षक | कला समूह | — | — | — | — | 01 | — | — | 02 पद<br>01–मुक्त<br>01–महिला | 25300 |
| 14 | सहायक ग्रेड–02 | | — | — | — | — | 01 | — | — | — | 25300 |
| | कुल योग – 17 पद | | 02 | — | — | — | 10 | — | — | 05 | |



Scanned with CamScanner

## ➢ स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) उच्च.माध्य.विद्यालय कुसमी।

| क्र. | पद का नाम | विषय | पदों की संख्या | | | | | | | | एकमुश्त मासिक वेतन (रू.में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | हिन्दी माध्यम | | | | अंग्रेजी माध्यम | | | | |
| | | | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (मुक्त) | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (मुक्त) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | व्याख्याता | हिन्दी | – | – | – | – | – | – | – | 01 | 38100 |
| 2 | | अंग्रेजी | – | – | – | – | – | – | – | 01 | |
| 3 | | गणित | 01 | – | – | – | – | – | – | – | |
| 4 | | जीवविज्ञान | 01 | – | – | – | – | – | – | – | |
| 5 | | भौतिक | – | – | – | – | 01 | – | – | – | |
| 6 | | रसायन | – | – | – | – | 01 | – | – | – | |
| 7 | | वाणिज्य | – | – | – | – | – | – | – | 01 | |
| 8 | | सामा.अध्ययन | – | – | – | – | 01 | – | – | – | |
| 9 | प्रधान पाठक | पूर्व माध्यमिक | – | – | – | – | 01 | – | – | – | 38100 |
| 10 | प्रधान पाठक | प्राथमिक | – | – | – | – | 01 | – | – | – | 35400 |
| 11 | शिक्षक | हिन्दी | – | – | – | – | 01 | – | – | – | 35400 |
| 12 | सहायक शिक्षक | कला समूह | | – | – | – | – | – | – | 01–महिला | 25300 |
| 13 | सहायक ग्रेड–02 | | – | – | – | – | 01 | – | – | – | 25300 |
| | कुल योग – 13 पद | | 02 | – | – | – | 07 | – | – | 04 | |

**1. संविदा भर्ती के लिए पात्रता की शर्ते :–** संविदा भर्ती में अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्ते पूरी करनी होगी।

(एक) आयु :–(1) 01 जनवरी 2021 को न्यूनतम आयु 21 वर्ष पूरी कर ली हो तथा 35 वर्ष की आयु पूरी न की हो। शासन द्वारा समय–समय पर आयु–सीमा में छुट के प्रावधान लागू रहेगें। उम्र की पुष्टि हेतु कक्षा–10वीं की अंकसूची की सत्यप्रति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

**2. न्यूनतम शैक्षणिक/व्यवसायिक/तकनीकि आर्हता :–** अभ्यर्थी के पास सेवा के लिये निम्नानुसार न्यूनतम शैक्षणिक आर्हताएँ होना आवश्यक है :–

**(एक) व्याख्याता**

1. अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु (व्याख्याता हिन्दी पद को छोड़कर) आवेदक को मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय/शिक्षण मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** में हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी तथा स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं हिन्दी माध्यम के पदों हेतु हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी तथा स्नातक परीक्षा के लिये माध्यम की कोई बाध्यता नही है।

2. व्यवसायिक योग्यता – बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा,

3. शैक्षणिक योग्यता – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से 50 प्रतिशत अंकों से अंग्रेजी माध्यम से आवेदित विषय में निम्नानुसार स्नातकोत्तर/समकक्ष उत्तीण होना अनिवार्य है :–

| क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | व्याख्याता हिन्दी | ➢ हिन्दी साहित्य। |



स्कूल आ पढ़े बर, जिनगी ला गढ़े बर............... बढ़ते कदम शिक्षा की ओर ...............

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 2 | व्याख्याता अंग्रेजी | ➢ अंग्रेजी साहित्य।<br>➢ कक्षा–10वीं से सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |
| 3 | व्याख्याता भौतिक (अंग्रेजी माध्यम) | ➢ भौतिकी/इलेक्ट्रानिक्स/एप्लाइड भौतिकी/न्यूक्लियर भौतिकी से स्नातकोत्तर की उपाधि।<br>➢ कक्षा–10वीं से सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |
| 4 | व्याख्याता रसायन (अंग्रेजी माध्यम) | ➢ रसायन/बायोकेमेस्ट्री से स्नातकोत्तर की उपाधि।<br>➢ कक्षा–10वीं से सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |
| 5 | व्याख्याता जीवविज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | ➢ वनस्पतिशास्त्र/प्राणीशास्त्र/लाइफसाइन्स/जैविकी/अनुवांशिकी(जेनेटिक्स)/सुक्ष्मजैविकी(माइक्रोबायोलॉजी/जैवप्रोद्योगिकी (बायोटेक्नॉलाजी)/आणविक विज्ञान (मालिकुलर बायोलॉजी)/पादप कार्यिकी (प्लांट फिजियोलॉजी) तथा स्नातक स्तर पर प्राणीशास्त्र अथवा वनस्पतिशास्त्र विषय रहा हो।<br>➢ कक्षा–10वीं से सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |
| 6 | व्याख्याता जीवविज्ञान (हिन्दी माध्यम) | ➢ वनस्पतिशास्त्र/प्राणीशास्त्र/लाइफसाइन्स/जैविकी/अनुवांशिकी (जेनेटिक्स)/सुक्ष्मजैविकी(माइक्रोबायोलॉजी/जैवप्रोद्योगिकी (बायोटेक्नॉलाजी) / आणविक विज्ञान (मालिकुलर बायोलॉजी)/पादप कार्यिकी (प्लांट फिजियोलॉजी) तथा स्नातक स्तर पर प्राणीशास्त्र अथवा वनस्पतिशास्त्र विषय रहा हो। |
| 7 | व्याख्याता गणित (अंग्रेजी माध्यम) | ➢ गणित/एप्लाइड गणित से स्नातकोत्तर की उपाधि।<br>➢ कक्षा–10वीं से सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |
| 8 | व्याख्याता गणित (हिन्दी माध्यम) | ➢ गणित/एप्लाइड गणित से स्नातकोत्तर की उपाधि। |
| 9 | व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) | ➢ एकाउन्टेंसी सहित वाणिज्य/कास्ट एकाउटिंग/फाईनेशियल एकाउन्टेसी मुख्य विषय के रूप में रहा हो से स्नाकोत्तर की उपाधि।<br>➢ कक्षा–10वीं से सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |
| 10 | व्याख्याता सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | ➢ राजनीति/अर्थशास्त्र/इतिहास/भूगोल आदि कला संकाय के विषयों पर स्नातकोत्तर की उपाधि ।<br>➢ कक्षा–10वीं से सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |

**(दो) प्रधान पाठक (पूर्व माध्यमिक शाला) (अंग्रेजी माध्यम)**

1. आवेदक को मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय/शिक्षण मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** में हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी तथा स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

2. व्यवसायिक योग्यता – बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा,

3. शैक्षणिक योग्यता – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 अंकों के साथ अंग्रेजी माध्यम में स्नातकोत्तर/समकक्ष उत्तीर्ण होना अनिवार्य है :–



Scanned with CamScanner

**(तीन) प्रधान पाठक (प्राथमिक शाला) (अंग्रेजी माध्यम)**

1. आवेदक को मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय/शिक्षण मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** में हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

2. व्यवसायिक योग्यता – बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा,

3. शैक्षणिक योग्यता – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 अंकों के साथ अंग्रेजी माध्यम में स्नातक/समकक्ष उत्तीर्ण होना अनिवार्य है :–

**(चार ) शिक्षक**

1. अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु (शिक्षक हिन्दी एवं संस्कृत पद को छोड़कर) आवेदक को मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय/शिक्षण मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** में हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

2. व्यवसायिक योग्यता – बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा,

3. शैक्षणिक योग्यता – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से 50 प्रतिशत अंकों से अंग्रेजी माध्यम से आवेदित विषय में निम्नानुसार स्नातक/समकक्ष उत्तीर्ण होना अनिवार्य है :–

| क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | हिन्दी | ➢ हिन्दी साहित्य से स्नातक उत्तीर्ण। |
| 2 | संस्कृत | ➢ संस्कृत साहित्य विषय के साथ स्नातक उत्तीर्ण। |
| 3 | अंग्रेजी | ➢ अंग्रेजी साहित्य से स्नातक उत्तीर्ण।<br>➢ कक्षा–10वीं से सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |
| 4 | विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | ➢ रसायनशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, सैन्य विज्ञान एवं भू-गर्भ विज्ञान में से कोई दो विषय स्नातक स्तर पर हो।<br>➢ कक्षा–10वीं से सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |

**(पॉच) सहायक शिक्षक**

1. अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु आवेदक को मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय/शिक्षण मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** में हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

2. व्यवसायिक योग्यता – डी.एड./डी.एल.ए.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा,

3. शैक्षणिक योग्यता – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से 50 प्रतिशत अंकों से अंग्रेजी माध्यम से आवेदित विषय में निम्नानुसार हायर सेकेण्डरी/समकक्ष उत्तीर्ण होना अनिवार्य है :–

| स.क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | सहायक शिक्षक कला समूह (अंग्रेजी माध्यम) | ➢ कला समूह में (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।<br>➢ कक्षा–10वीं से सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |
| 2 | सहायक शिक्षक विज्ञान समूह (अंग्रेजी माध्यम) | ➢ गणित/जीवविज्ञान/कृषि विषय के साथ (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।<br>➢ कक्षा–10वीं से सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |



Scanned with CamScanner

(छ:) सहायक ग्रेड–02

1. **शैक्षणिक योग्यता** :– मान्यता प्राप्त बोर्ड से हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण तथा,

2. **व्यवसायिक योग्यता** :– मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में 1 वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र तथा,

- कम्प्यूटर में 8000 की (KEY) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति से होना अनिवार्य है।
- अंग्रेजी माध्यम के अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी अर्थात् अंग्रेजी माध्यम के अभ्यर्थी न मिलने पर ही हिन्दी या अन्य माध्यमों के आवेदन–पत्रों पर विचार किया जाएगा।

**2. निरर्हताएँ :–**

(1) अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये किन्हीं भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को, नियुक्तिकर्ता द्वारा चयन के निरर्हित माना जा सकेगा।

(2) कोई भी पुरुष अभ्यर्थी, जिनकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हो और कोई भी महिला अभ्यर्थी, जिसने ऐसे पुरुष से विवाह किया हो जिसकी पहले से एक पत्नी जीवित हो, किसी सेवा या पद में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा/होगी।

परन्तु शासन का यह समाधान हो जाये कि ऐसा करना विशेष कारण है तो समिति, ऐसे अभ्यर्थियों को इस नियम के प्रवर्तन में छूट दे सकेगा।

(3) कोई भी अभ्यर्थी, किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा। जब तक कि उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा में, जो कि विहित की जाए, मानसिक या शारीरिक रूप से स्वस्थ्य, तथा किसी मानसिक या शारीरिक दोष जो कि सेवा या पद के कर्तव्य को पूरा करने में बाधा डाल सकता हो से मुक्त, घोषित न कर दिया जाये।

परन्तु आपवादिक मामलों में अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षा से पूर्व किसीसेवा या पद पर इस शर्त के अधीन नियुक्ति दी जा सकेगी कि यदि वह चिकित्सीय रूप से अस्वस्थ्य पाया जाता है, तो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेंगी।

(4) कोई भी अभ्यर्थी, जिसें महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा।

परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हो तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जाएगा जब तक उस अपराधिक मामले का न्यायालय द्वारा अंतिम विनिश्चय न कर दिया जाये।

**3. अभ्यर्थी की पात्रता के बारे में नियुक्तिकर्ता का विनिश्चय अंतिम होगा :–**

(1) चयन प्रक्रिया के किसी समय पर अथवा नियुक्तिकर्ता को चयन सूची भेजने के बाद भी, यदि नियुक्तिकर्ता के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगती पायी गई है तो वह निरर्हित हो जायेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति, नियुक्तिकर्ता द्वारा समाप्त कर दी जायेगी।

**4. नियुक्ति :–**

(1) नियुक्त उम्मीदवारों के लिए जारी नियुक्ति आदेश प्रतिवर्ष शिक्षा सत्रांत तक के लिये वैध होगी, शिक्षा संत्रात समाप्त होते ही अगले तिथि/कार्यदिवस को कर्मचारियों के नियुक्ति आदेश का नवीनीकरण किया जायेगा, किन्तु इस शर्त पर कि "शिक्षक/कर्मचारी द्वारा अपने कर्तव्यों का भली–भाँति पालन किया हो, अध्यापन कार्य में उत्कृष्ट रहा हो, तथा विद्यार्थियों व अन्य सहकर्मियों के साथ आचरण कुशल रहा हो।

**5. चयन सूची :–**

(1) नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों की लिखित/कौशल परीक्षा आयोजित की जाएगी।

(2) अभ्यर्थियों की अंतिम चयन–सूची हेतु निम्नांकित तालिका अनुसार गणना की जाएगी :–



स्कूल आ पढ़े बर, जिनगी ला गढ़े बर................ बढ़ते कदम शिक्षा की ओर ..............

Scanned with CamScanner

| शैक्षणिक पदों के लिए | | |
|---|---|---|
| क्रमांक | विवरण | निर्धारित अंक |
| 1 | शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक का | 60% अंक |
| 2 | लिखित परीक्षा पूर्णांक | 35 अंक |
| 3 | स्थानीय जिला निवासी | 05 अंक |

| सहायक ग्रेड–02 पद के लिए | | |
|---|---|---|
| क्रमांक | विवरण | निर्धारित अंक |
| 1 | शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक का | 80% अंक |
| 2 | कौशल परीक्षा पूर्णांक | 15 अंक |
| 3 | स्थानीय जिला निवासी | 05 अंक |

(3) अभ्यर्थी को **लिखित/कौशल परीक्षा में न्यूनतम 40%** अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा।

(4) प्रतीक्षा सूची की वैधता चयन सूची जारी होने के दिनांक से 01 वर्ष तक के लिये वैध होगी।

(5) चयन के समय किसी पद पर समान अंक के अभ्यर्थी होने की स्थिति में जो अभ्यर्थी आयु में वरिष्ठ होगा, उसका चयन किया जाएगा।

(6) चयन के संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

**7. अन्य निर्देश :–**

(1) यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है। संविदा नियुक्ति की अवधि में नियोक्ता या नियुक्त अभ्यर्थी में से किसी भी पक्ष द्वारा 01 माह का वेतन या सेवा समाप्ति पूर्व सूचना देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

(2) आवश्कतानुसार पद की संख्या परिवर्तनीय है।

(3) अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है।

(4) नियुक्ति में जिला बलरामपुर–रामानुजगंज के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता के रूप में 05 बोनस अंक प्रदान किया जाएगा।

(5) नियुक्त उम्मीदवारों को उनके पद के अनुसार शासन द्वारा समय–समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार वेतन एवं भत्ते देय होंगे।

(6) चयन उपरांत अभ्यर्थी को आवश्यक न्यूनतम शैक्षणिक आर्हता एवं अन्य प्रमाण–पत्र की मूल प्रति लेकर दस्तावेज परीक्षण हेतु में उपस्थित होना होगा।

(7) अपूर्ण, अस्पष्ट तथा त्रुटिपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जाएगी।

(8) जिले अन्तर्गत संचालित स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों के द्वारा समकक्ष (समान) पद के लिए प्रस्तुत आवेदन मान्य नहीं होगा।

(9) अभ्यार्थियों को एक से अधिक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

(10) राज्य शासन द्वारा स्वीकृत पद अनुसार व्याख्याता हिन्दी एवं अंग्रेजी पद हेतु पूर्व में अनारक्षित पदों पूर्ति की जा चूकी है अतः वर्तमान विज्ञापित पद में आरक्षित पद लिए जा रहे हैं।

(11) आवेदक को आवेदन पत्र के साथ रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(12) आवेदक को स्वयं का पहचान पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।



Scanned with CamScanner

(13) आवेदक को जाति प्रमाण–पत्र के आधार पर वरीयता प्राप्त करने हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(14) प्रतिनियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों पर भी विचार किया जाएगा।

(15) नियुक्त उम्मीदवारों पर छत्तीसगढ़ संविदा भर्ती नियम 2012 के अधीन समस्त नियम एवं शर्तें लागू होगे।

(16) नियुक्ति के लिए रिक्त पदों पर बलरामपुर–रामानुजगंज जिले का आरक्षण रोस्टर लागू होगा।

(17) आवेदन का प्रारूप एवं भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बलरामपुर–रामानुजगंज जिले की बेवसाईट www.deobalrampur.in पर उपलब्ध है।

(18) विज्ञापन की विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बलरामपुर–रामानुजगंज सूचना पटल, एवं बेवसाईट www.deobalrampur.in पर अवलोकन की जा सकती है।

(19) अभ्यर्थी को ऑनलाईन आवेदन भरते समय आवेदन–पत्र में अंकित तथ्यों के संबंध में समस्त दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा। दावा–आपत्ति में नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किये जायेगें।

अध्यक्ष/कलेक्टर
स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम)
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समिति
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज, छत्तीसगढ़

पृ0क्रमांक/स्था0–2/SAGES/संविदा भर्ती/ 5717 /2021–22/ बलरामपुर दिनांक 06/09/2021

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, छ0ग0 शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन अटल नगर, नवा रायपुर।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, छ0ग0 इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर।
3. आयुक्त, सरगुजा संभाग, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बलरामपुर–रामानुजगंज, छत्तीसगढ़।
5. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण सरगुजा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़।
6. जिला शिक्षा अधिकारी बलरामपुर–रामानुजगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. सहायक संचालक, जनसम्पर्क, बलरामपुर–रामानुजगंज की ओर प्रकाशनार्थ।
8. प्राचार्य, स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर, रामानुजगंज, वाड्रफनगर, कुसमी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी बलरामपुर–रामानुजगंज को सूचनार्थ एवं उक्त विज्ञापन विस्तृत विवरण सहित बलरामपुर जिले के वेबसाईट www.balrampur.gov.in पर अपलोड करने हेतु निर्देशित।

अध्यक्ष/कलेक्टर
स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम)
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समिति
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज, छत्तीसगढ़



Scanned with CamScanner